कार्यालय परिपत्र सं० - 1617046 / 16-11-16

**अति महत्वपूर्ण / ई-मेल से भी प्रेषित**

पत्र संख्या-आई0टी0-एन0आई0सी0-कम्प्यूटर साफ्टवेयर (2016-17) // 772 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(आई0टी0 अनुभाग)

लखनऊ // दिनांक // 16 नवम्बर, 2016

**समस्त नोडल अधिकारी, (पैन अपडेशन)**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

----------------------------------------

कृपया मुख्यालय के परिपत्र संख्या-1617040 /651/ दिनांक 13-10-2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा PAN अपडेशन के प्रभावी अनुश्रवण हेतु प्रत्येक लोकेशन पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश के साथ-साथ नोडल अधिकारी के कार्य एवं दायित्व भी निर्धारित किये गये थे तथा मुख्यालय के पत्रांक संख्या-710 दिनांक 26-10-2016 द्वारा GSTN द्वारा उपलब्ध कराए गये 5687 ऐसे व्यापारियों की सूची जिनको एक ही पैन पर एक से अधिक TIN आंवटित किये गये हैं, को जोनल एडीशनल कमिश्नर की ई-मेल आई0डी0 पर इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया गया था कि सूची में अंकित समस्त PAN का अपडेशन कराने तथा अपडेशन न होने की स्थिति में व्यापारियों के TIN Suspend करने की कार्यवाही की जाये किन्तु इस सम्बंध में PAN updation की किसी भी प्रगति से अभी तक सूचित नहीं किया गया है।

2- **GSTN द्वारा विभाग के डाटाबेस माईग्रेशन हेतु दिनांक 16-12-2016 से दिनांक 31-12-2016 तक का समय निर्धारित किया गया है। अत: उक्त अवधि के पूर्व विभागीय डाटाबेस में उपलब्ध समस्त PAN के सत्यापन के कार्य को पूर्ण कर लिया जाना अपरिहार्य है।** NIC से प्राप्त जोनवार PAN Updation की सूची के अनुसार अभी भी कुल 227179 पैन अपडेशन हेतु लम्बित हैं जो कि अत्यंत गंभीर स्थिति है। इस सूची को इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किया जा रहा है कि अपनी लोकेशन से सम्बंधित Pending PAN Updation को दिनॉक 21-11-2016 तक तत्काल अपडेट कराना सुनिश्चित करें, ताकि दिनांक 23-11-2016 को सम्पन्न होने वाली Video Conferencing में कमिश्नर महोदय द्वारा पैन अपडेशन की अद्यावधिक स्थिति की समीक्षा तथा नोडल अधिकारी द्वारा किये गये कार्य का अनुश्रवण किया जा सके।

यह पत्र सूची सहित ई-मेल द्वारा भी प्रेषित किया जा रहा है। यह पत्र कमिश्नर महोदय के अनुमोदनोंपरान्त जारी किया जा रहा है।

(विवेक कुमार)
एडीशनल कमिश्नर(GST)वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।

<u>पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनॉक उक्त।</u>

<u>प्रतिलिपि :-</u>

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों को अपने स्तर से सूचित करते हुये PAN Updation के कार्य का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

(धर्मेन्द्र सिंह)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0)वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।